आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :449 पृष्ठ –4 दिनांक 11 अप्रेल 2025 दिन शुक्रवार


## बेमौसम बारिश: सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए राहत उपायों में तेजी लाने का निर्देश

## लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बृहस्पतिवार को आंधी आई और भारी बारिश हुई

लखनऊ। बेमौसम बारिश, आंधी, बिजली गिरने की घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित जिलों के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को प्रभावित इलाकों का दौरा करने, राहत प्रयासों की कड़ी निगरानी करने और प्रतिकूल मौसम से प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाए और राज्य सरकार



को इसकी रिपोर्ट तुरंत सौंपी जाए। इससे प्रशासन को उचित कार्रवाई करने और प्रभावित किसानों के लिए सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बृहस्पतिवार को आंधी आई और भारी बा. रिश हुई। कई जगहों पर बिजली भी गिरी है।

## लखनऊ में बदला मौसम का मिजाज, दिन में छाया अंधेरा, झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार, 10 अप्रैल को मौसम ने करवट ली और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली. सुबह से ही सूर्य देवता नजर नहीं आए और हल्का अंधेरा छाया रहा लेकिन लीची देर में शुरू हुई बारिश ने तपिश और उमस ने लोगों को बड़ी राहत दी.बीते कई दिनों से लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी. लखनऊ में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे शहरवासियों को चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था. हालांकि गुरुवार सुबह को आई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया और ला. `गों ने राहत की सांस ली.चारबाग, हजरतगंज, गोमती नगर, आलमबाग, अल. ीगंज, इंदिरा नगर समेत कई इलाकों में बारिश हुई. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई बारिश का आनंदलेता नजर आया. सड़कों पर ठंडी हवा और बारिश की फुहारों ने लोगों का मन मोह लिया.गाजीपुर में आंगनवाड़ी भर्ती में घोटाला! खुद को गरीब बताकर सरकारी कर्मचारियों की रिश्तेदारों ने ली नौकरीकई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावनामौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है. आने वाले एक–दो दिनों तक मौसम इसी तरह सुहाना बना रह सकता है और गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है.बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले सप्ताह में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कभी–कभार हल्की फुहारें पड़ सकती हैं.हालाकि इस बारिश से जन मानस के साथ साथ जीव जंतुओं को भी काफी राहत मिली है .फिलहाल लखनऊ में मौसम सुहावना बना हुआ है और लोग गर्मी की तपिश से राहत पाकर खुश हैं. मौसम का यह बदला मिजाज शहरवासियों के चेहरे पर मुस्कान लेकर आया है.

## वाराणसी में अब इस दिन भी बंद रहेंगी सभी मीट मांस की दुकान, नगर निगम ने जारी किया आदेश

नवरात्र के बाद अब महावीर जयंती पर भी वाराणसी नगर निगम की तरफ से एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है. दरअसल नगर आयुक्त की तरफ से नगर निगम के क्षेत्र में आने वाले सभी मीट मांस की दुकानों को पूर्णतः बंद रखने का आदेश दिया गया है. हालांकि इससे पहले नवरात्र और रामनवमी के अवसर पर भी वाराणसी नगर निगम के दायरे में आने वाले मीट मांस की दुकानों को बंद रखने को लेकर निर्णय लिया गया था.महावीर जयंती पर भी बंद रहेंगे मीट मांस की दुकान वाराणसी नगर निगम की तरफ से एबीपी न्यूज को मिली जानकारी के अनुसार – 10 अप्रैल को देशभर में महावीर जयंती मनाया जाएगा. इस अवसर पर वाराणसी नगर निगम की तरफ से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसमें नगर निगम क्षेत्र में आने वाले सभी मीट मांस की दुक. ानों को पूरी तरह बंद रखने का दिशा निर्देश दिया गया है. मीट मांस के विक्रे. ताओं को स्पष्ट कहा गया है कि 10 अप्रैल कों महावीर जयंती के अवसर दुकानें बंद रखें.इससे पहले पूरे नवरात्र के दौरान वाराणसी नगर निगम के क्षेत्र में आने वाले मीट मांस की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया था. रामनवमी पर्व पर भी वाराणसी नगर निगम ने बिक्री पर रोक लगा दी थी. ऐसे में बीते 3 सप्ताह के दौरान यह तीसरी बार है जब मीट मांस की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है .

## मायावती की भतीजी परिवार के खिलाफ पहुंची थाने, लगाया गंभीर आरोप, मामला दर्ज

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जनपद में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की भतीजी एलिस ने अपने पति विशाल सहित सास–ससुर और जेठ–जिठानी व नन्द सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कराया है. कोर्ट के आदेश पर हापुड़ की नगर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है. बसपा सुप्रीमो की भतीजी की सास पुष्पा देवी हापुड़ में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष हैं और उन्होंने बीएसपी से ही यह चुनाव लड़ा था. बता दें एलिस, मायावती के भाई नरेश कुमार की बेटी हैं.जानकारी के मुताबिक बसपा सुप्रीमो मायावती की भतीजी एलिस उम्र 30 वर्ष पुत्री नरेश कुमार निवासी इंद्रपुरी साउथ वेस्ट, दिल्ली की शादी 9 नवंबर 2023 को हिन्दू रीति–रिवाज से हापुड़ में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पुष्पा देवी के बेटे विशाल से हुई थी. एलिस का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति विशाल, ससुर श्रीपाल सिंह, सास पुष्पा देवी व जेठ भूपेंद्र उर्फ मोनू, जिठानी निशा, ननद शिवानी व मौसा ससुर अखिलेश एकराय होकर उससे गाजियाबाद के इंद्रापुरम में एक फ्लैट और 50 लाख रूपये अतिरिक्त दहेज के रूप में मांग करने लगे. आरोप है कि ससुराली उस पर दवाब बनाते थे कि उसकी बुआ मायावती बीएसपी की कर्ताधर्ता हैं और उन पर बहुत पैसा है. आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी व जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी. पीड़िता ने अपने पति विशाल पर मसल्स बनाने के लिए स्टेरॉयड इंजैक्शन लगाने की वजह से सैक्सुअल लाइफ खराब (नंपुसक) होने के भी आरोप लगाए हैं. पीड़िता का कहना है कि जब उसने यह बात अपने माता–पिता को बताई और उन्होंने जब सास–ससुर से बात की, तो उन्होंने पीड़िता से जेठ भूपेंद्र सिंह से संबंध बनाने के लिए कहा. 17 फरवरी 2025 को भी उसके साथ मारपीट की गई और ससुर व जेठ ने उसके साथ जर्बदस्ती की. घटना के संबंध में पीड़िता के वकील राजीव शर्मा एडवोकेट ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ–जिठानी, नन्द व मौसा ससुर सहित 7 लोगों के खिलाफ हापुड़ की नगर कोतवाली में बीएनएस की धारा 85, 115 (2), 352, 351(2), 74, 75, 76, 3, 4 के तहत एफआईआर दर्ज की है.

## लखनऊ में अखिलेश यादव ने दिया सद्भाव का संदेश

अखिलेश यादव ने कहा, "हमारा देश गंगा–जमुनी तहजीब का प्रतीक है. यहां हर त्योहार मिलजुल कर मनाया जाता है. यही हमारी ताकत है, यही हमारी पहचान है."समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आज ''आओ गले मिलें'' कार्यक्रम के तहत होली–ईद मिलन सद्भाव समारोह का आयोजन हुआ. इस अवसर पर सभी धर्मों, संप्रदायों और समुदायों के धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने एकत्र होकर एकता, भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश दियाकार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव थे. उनके साथ मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव समारोह में उपस्थित रहीं. उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं और ईद की मुबारकबाद दी.इस अवसर पर अंत. रराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त म्यूजिशियन ब्रायन सिलास ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. उन्होंने पियानो पर लता मंगेशकर और अनुराधा पौडवाल के




गीतों के साथ–साथ बॉलीवुड संगीत की यादगार धुनें प्रस्तुत कीं. अखिलेश यादव ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. अपने संबोधन में अखिलेश यादव ने कहा, "हमारा देश गंगा–जमुनी तहजीब का प्रतीक है. यहां हर त्योहार मिलजुल कर मनाया जाता है. यही हमारी ताकत है, यही हमारी पहचान है." उन्होंने इस आयोजन को भाईचारे और सौहार्द का उत्सव बताया. सद्भाव समारोह में शामिल प्रमुख धर्मगुरुओं और विशेष जनों में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, मौलाना याकूब अब्बास, मौलाना फजले मन्नान, ज्ञानी गुरमेहर सिंह, विशप जेराल्ड जॉन मथायस, फादर रॉबर्ट क्वाडरस, मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी, पंडित रवीन्द्र दीक्षित, उदय प्रताप सिंह (पूर्व सांसद), डॉ. साबिरा हबीब, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. वंदना, ता. हिरा हसन सहित अनेक धर्म, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र की हस्तियां मौजूद रहीं. इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव, रामगोविंद चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, रविदास मेहरोत्रा, अबू आसिम आजमी सहित कई विधायक, पूर्व विधायक, सांसद और एमएलसी भी उपस्थित थे.

## बुलंदशहर बोतल में पेट्रोल देने से किया इनकार, बदमाशों ने पेट्रोल पंप मैनेजर को मारी गोली

बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद क्षेत्र से एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई है. यहां देर रात दो हथियारबंद बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर सिर्फ इसलिए गोलीबारी कर दी क्योंकि उन्हें बोतल में पेट्रोल नहीं दिया गया. इस हमले में पेट्रोल पंप मैनेजर राजू शर्मा की जान चली गई. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. पुलिस अब उनकी तलाश में जुट गई है. घटना सिकंदराबाद–जेवर स्टेट हाइवे पर जौली गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप की है. जानकारी के मुताबिक, देर रात दो युवक बाइक पर सवार होकर पंप पर पहुंचे और पंप कर्मचारियों से बोतल में पेट्रोल भरने की मांग करने लगे. जब कर्मचारियों ने नियमों का हवाला देते हुए मना किया तो विवाद बढ़ गया. इसी दौरान आरोपियों ने पंप मैनेजर राजू शर्मा पर फायरिंग कर दी और वहां से फरार हो गए. गंभीर हालत में राजू शर्मा को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही सिकंद. राबाद पुलिस और एसपी सिटी, सीओ समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और पंप कर्मचारियों से पूरी घटना की जानकारी ली. फिलहाल पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं और आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई हैनौशाद अली हत्याकांड का मुख्य आरोपी प्रमोद सिंह गिरफ्तार, ''ज्थ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई बता दें कि सुरक्षा के लिहाज से पेट्रोल पंप पर बोतल या अन्य खुले बर्तनों में पेट्रोल देना पूरी तरह से प्रतिबंधित है. इसके बावजूद कई बार ग्राहक इस नियम का विरोध करते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन जाती है. इस घटना ने एक बार फिर पेट्रोल पंप कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं.पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा. वहीं मृतक राजू शर्मा के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है. परिवार वालों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है.फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल है, और पुलिस हालात पर नजर बनाए हुए है. सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है. घटना ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है और लोगों में डर और गुस्सा है.

## उत्तर प्रदेश के अमरोहा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां 3 बच्चों की मां ने अपने पति को तलाक देकर 12वीं के छात्र से शादी रचा ली

उत्तर प्रदेश के अमरोहा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां 3 बच्चों की मां ने अपने पति को तलाक देकर 12वीं के छात्र से शादी रचा ली. महिला का नाम शबनम है, जिसने शिवा नाम के लड़के से न सिर्फ शादी की बल्कि अपना नाम बदलकर शिवानी भी रख लिया. शबनम ने कहा कि हम दोनों ने अपने खुशी से शादी की है और अब साथ जीना चाहते हैं. मामला अमरोहा के सैदनगली थाना इलाके का है, जहां 26 साल शबनम ने 17 साल के नाबालिग छात्र से शादी कर ली है. दोनों ने अपनी शादी के बाद एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें वो कह रही है कि वो इस शादी से बहुत खुश है. उसे और उसके पति को परेशान न किया जाए.9 साल पहले 2016 में शबनम की दूसरी शादी सैदनगली नगर पंचायत के रहने वाले तौफीक के साथ हुई थी। दोनों से तीन बेटियां भी हैं. 14 साल पहले तौफीक सड़क हादसे में घायल हो गया था. तब से उसका एक हाथ काम नहीं करता था. एक साल पहले फिर उसका एक्सीडेंट हो गया. जिसके बाद वो शारीरिक रूप से कमजोर हो गया. तौफीक ई–रिक्शा चलाकर घर चलाता है. इस बीच शबनम को मोहल्ले के ही शिवा से प्यार हो गया और वो उसके साथ रहने की जिद करने लगी. इस बारे में जब तौफीक को पता चला तो उसने इसका विरोध किया. दोनों में विवाद भी हुआ जिसके बाद मामला पंचायत तक पहुंचा. पंचायत ने फैसला सुनाया कि महिला अपनी मर्जी से जहां रहना चाहती है तो रह सकती है. 6 अप्रैल को महिला ने शिवा के साथ मंदिर में शादी की. तौफीक ने बताया कि शबनम की इससे पहले भी मेरठ में एक शादी हुई थी, ये उसकी दूसरी शादी थी और अब उसने तीसरे लड़के को चुन लिया है. शबनम ने पिछले शुक्रवार को मुझसे तलाक मांगा और तीनों बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी के पास रहने को चली गई. शबनम के प्रेमी शिवा ने वीडियो में कहा कि ष्मैं 12वीं का छात्र हूं. मेरी उम्र साढ़े 17 साल है. 6 महीने पहले हमारे प्रेम प्रसंग की शुरुआत हुई थी. मैं रोज सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए जाता था. वहीं मेरी मुलाकात शबनम से हुई. शबनम भी मॉर्निंग वॉक करने के लिए आती थी. धीरे–धीरे हमारी मुलाकात प्यार में बदल गई. इसके बाद हमने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाई. उसने मुझे अपने तीन बेटियों के बारे में बताया था. लेकिन उसके पति ने बच्चों को देने



से इनकार कर दिया. शिवा ने कहा कि हम दोनों ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है. हम दोनों खुश हैं. कोई भी हमारी जिंदगी में दखलंदाजी न करे. शिवा के पिता दाताराम सिंह ने कहा कि बेटे का जो मन किया उसने किया. औलाद के खिलाफ पिता कैसे जा सकता है. नाबालिग के सवाल पर उन्होंने कहा कि अब जब बेटे ने प्रेम विवाह कर लिया है, उसकी पत्नी उसके साथ रहने के लिए राजी है. तो इसमें हम क्या कर सकते हैं? सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि इस प्रकरण में कोई शिकायत अभी तक प्राप्त नहीं हुई है.

# हाथरस में तेज हवा और बारिश से गिरा तापमान कई स्थानों पर बिजली गुल, किसानों की फसल को नुकसान

हाथरस में मौसम ने अचानक करवट ली है। आज सुबह साढ़े तीन बजे से करीब एक घंटे तक हुई बारिश ने तापमान में गिरावट दर्ज की है।कल जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस था, वह आज घटकर 39 डिग्री सेल्सियस हो गया। न्यूनतम तापमान भी 25 से घटकर 22 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है।बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। कुछ क्षेत्रों में बिजली की लाइनों में फॉल्ट आ गया। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई और लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हुई।कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुईपिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच यह मौसम परिवर्तन आया है। रात में तेज हवाएं चलीं और बादल छाए रहे। हालांकि बारिश थम गई है, लेकिन सुबह भी आसमान में हल्के बादल देखे गए। बारिश



से किसानों की गेहूं की फसल को भी नुकसान हुआ है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई।

## दोना–पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में करंट लगने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई

हाथरस के सादाबाद में  एक दोना–पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में करंट लगने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हाथरस के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव महावतपुर निवासी जयवीर पुत्र नेत्रपाल के रूप में हुई है। वह आगरा में टेढ़ी बगिया के निकट एक दोना पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था।दुर्घटना के दौरान अचानक विद्युत करंट की चपेट में आने से वह बेहोश हो गया। कुछ लोग उसे एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए लेकिन वहां से मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोग उसकी डेडबॉडी को गांव ले आए।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा अविवाहित जयवीर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर सादाबाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सादाबाद में आंधी–बारिश में दो मकान ढहे दंपति घायल खेतों में पड़ी गेहूं की फसल को नुकसान, दो बकरियां टीनशेड में दबीं

सादाबाद तहसील में आई आंधी और बा. रिश ने भारी तबाही मचाई है। नगला गिरधारी और नगला भाव सिंह में दो मकान गिर गए। इस हादसे में दो दंपति घायल हुए हैं। नगला भाव सिंह में देर रात टीन शेड दीवार समेत गिर गया। रामजीत (मे. वाराम के पुत्र) बाल–बाल बच गए।उनकी दो बकरियां टीन शेड के नीचे दब गईं और घायल हो गईं। ग्रामीण संतोष कुमार, विकास कुमार, सत्यवीर और चंचल ने शोर सुनकर रामजीत को बचाया। रामजीत एक गरीब परिवार से हैं और बकरी पालन से अपना जीवन यापन करते हैं।नगला गिरधारी में भी आंधी से टीन शेड गिर गया। इस हादसे में सरन (निरोत्तम सिंह के पुत्र) और उनकी पत्नी राजकुमारी घायल हो गए। टीन शेड गिरने से घर का सामान भी बिखर गया। गरीबी के कारण वे छत के बजाय टीन शेड के नीचे रह रहे थे।किसानों को भी भारी नुकसान हुआ है। जिन किसानों ने गेहूं की कटाई कर ली थी, उनका भूसा हवा में उड़ गया। कटी हुई फसल के खराब होने का खतरा है। मौसम अभी भी खराब है और बादल छाए हुए हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## हाथरस में जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी की जयंती धूमधाम से मनाई

हाथरस में जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह प्रभात फेरी के बाद हलवाई खाना स्थित जैन मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी,जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव आदि ने किया।शोभायात्रा शहर के विभिन्न बाजारों से होकर गुजरी। स्वर्णमयी रथ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। एरावत हाथी और पालने की झांकियां भी लोगों को आकर्षित करती रहीं। रथ में वि. राजमान महावीर स्वामी की मूर्ति की पूजा–अर्चना की गई। भगवान महावीर स्वामी के संदेश लिखी झांकियां भी शोभयात्रा में चल रही थी।पुष्पवर्षा के साथ स्वागत शहर में जगह–जगह तोरण द्वार सजाए गए। स्थानीय लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ किया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुईं। सासनी में भी हुआ कार्यक्रम... श्री जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष उमाशंकर जैन, अमित जैन, धीरज जैन,राकेश जैन, सुरेंद्र जैन, सुधीर जैन, संजीव जैन, कमलेश जैन, पुलकित जैन समेत काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे। कस्बा सासनी में भी महावीर जयंती पर



अलग से शोभायात्रा निकाली गई। शहर के अन्य हिस्सों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## हाथरस के मुरसान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी ननकेश कुमार विमल की पत्नी विशाखा दिवाकर का आज लंबी बीमारी के बाद निधन

हाथरस के मुरसान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी ननकेश कुमार विमल की पत्नी विशाखा दिवाकर का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह पिछले 6 साल से कोमा में थीं। विशाखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थीं।11 अप्रैल 2019 को वह सादाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी ड्यूटी पर जा रही थीं। सादाबाद मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। इस दुर्घटना के बाद उन्हें आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद से ही विशाखा कोमा में चली गई थीं।परिवार में शोक की लहर. आज गुरुवार सुबह 9 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी उनके निधन पर शोक जताया है।

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव लाडपुर में एक चिकित्सक पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव ला. डपुर में एक चिकित्सक पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। डॉ. हरीश कुमार अपनी क्लीनिक में सो रहे थे। मध्य रात्रि में कुछ लोगों ने क्लीनिक का शटर खटखटाया। डॉ. हरीश ने जैसे ही शटर खोला, दो नकाबपोश हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी।गोली उनके पेट को छूते हुए निकल गई। हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल हरीश को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। पुलिस हमलावरों की कर रही तलाश...



हरीश को बीएएमएस डिग्रीधारी चिकित्सक बताया जा रहा है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। हरीश गांव में ही अपनी क्लीनिक चलाते हैं। पुलिस हमले के कारणों की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश जारी है।

## हाथरस के मुरसान कस्बे में 5 बीघा जमीन को लेकर विवाद सामने आया

हाथरस के मुरसान कस्बे में 5 बीघा जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। बृहस्पतिवार की दोपहर को मामला तब बिगड़ा, जब एक पक्ष ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने पहुंच गया।किला मुरसान के निवासी हरदेव सिंह का कहना है कि किला के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें शराब पिलाकर जमीन का बैनामा करा लिया था। हरदेव सिंह के मुताबिक, 12 साल बीत जाने के बाद भी जमीन के पैसे नहीं मिले हैं। इस दौरान दोनों पक्षों की महिलाएं भी आमने–सामने आ गई और वहां हंगामा शुरू हो गया।पुलिस ने दोनों पक्षों को दी हिदायत...मामले की सूचना कुछ लोगों ने पुलिस को दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग–अलग कर मामला शांत कराया। चूंकि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए पुलिस ने दोनों पक्षों को कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की हिदायत दी।

## भाजपा स्थापना दिवस पर निकली बाइक रैली सादाबाद में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, जनसंपर्क अभियान भी चला

सादाबाद में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा और युवा मोर्चा ने संयुक्त रूप से विशाल बाइक रैली निकाली। रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। कार्यक्रम में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।रैली का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच भाजपा सरकार के प्रति विश्वास बढ़ाना था। पार्टी ने केंद्र और प्रदेश में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश आम जनता तक पहुंचाया। इन योजनाओं का लाभ गरीब और जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुनील गौतम, जिला महामंत्री प्रीति चौधरी, मंडल अध्यक्ष अंकुश गौड़, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र गौतम और प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री गुंजन पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।रैली के दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने बीच–बीच में रुककर जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और उनसे सुझाव लिए। साथ ही स्थानीय समस्याओं के बारे में भी जाना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

## हाथरस महायोजना 2031 रिंग रोड और नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना का खुलेगा रास्ता, ये सुविधाएं मिलने की बंधी आस

हाथरस महायोजना 2031 का नक्शा स्वीकृत होने के बाद शहर की तस्वीर बदलने और बुनियादी जरूरतें पूरी करने वाले प्रस्तावित कार्य जल्द शुरू होने की आस बंध गई है। महायोजना से रिंग रोड और नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के साथ नए पार्क, विद्युत उपकेंद्र, थाना, अग्निशमन केंद्र, तकनीकी संस्थान, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित कई सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ हो गया है।शहर के सुनियोजित विकास के लिए महायोजना 2031 के नक्शे को स्वीकृति दी गई है। इस पर यदि गंभीरता से अमल हुआ तो शहर को न केवल बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि कई महत्वपूर्ण योजनाओं का सपना भी साकार हो सकेगा। महायोजना में ट्रांसपोर्ट नगर, सरकारी कार्यालय, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग आदि क्षेत्रों के लिए भी भूमि प्रस्तावित की गई है।महायोजना में शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड का भी प्राविधान किया गया है। महायोजना 2031 में प्रस्तावित नगरीकरण क्षेत्र के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रांतीय राजमार्ग के निर्मित व निर्माणाधीन बाईपास के दोनों ओर 30.30 मीटर हरित पट्टिका छोड़ने के बाद नगर के विकास की संभावित क्षमता का आकलन करते हुए अधिकतम 300 मीटर की गहराई तक हाईवे फैसिलिटी जोन प्रस्तावित किया गया है।हाईवे फैसिलिटी जोन की श्रेणी को कृषि भू उपयोग का ही भाग माना जाएगा। इसके साथ जोन में किसी भूखंड के किसी राष्ट्रीय व प्रांतीय राजमार्ग और बाईपास से संबद्ध होने के साथ चक मार्ग के मध्य से न्यूनतम 12 मीटर का मार्ग सुनिश्चित किया जाएगा। इस मार्ग में किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नहीं होगा। जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार प्रस्तावित हाईवे फैसेलिटी भू–उपयोग के तहत किए जाने वाली क्रियाओं पर भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्राविधान लागू रहेंगे।महायोजना 2031 के नक्शे को मंजूरी मिल गई है। इसमें जिन सुविधाओं का प्राविधान किया गया है, उनकी उपलब्धता के लिए योजना बनाकर कार्य कराए जाएंगे।– महायोजना में 200.91 हेक्टेयर भूमि उद्योगों के लिए भूमि प्रस्तावित की गई है। इसके तहत नगरीय हाट तरीके के बाजारों की स्थापना के लिए 80.45 हेक्टेयर उपनगर केंद्र के रूप में आरक्षित की गई है। यहां लघु, सेवा एवं कुटीर उद्योग को डिस्प्ले एवं विक्रय किया जा सकेगा।

आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -सम्पादक

मौ:-8218049162,8273402499



# प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 में अब तक रिकोर्ड 26327 आवेदनों के साथ प्रदेश में पांचवे पायेदान पर अलीगढ़ नगर निगम

प्रधानमंत्री आवास योजना–2.0 का लाभ जन जन तक पहुँचने के लिये अलीगढ़ नगर निगम पूर्ण रूप से प्रयासरत–जल्द रिकोर्ड आवदेन दर्ज कर प्रदेश में अगले पायेदान पर अलीगढ़ नगर निगम को लाने का रहेगा प्रयास–नगर आयुक्त विनोद कुमार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अन्तर्गत अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र में रिकोर्ड आवेदन हो रहे है शासन द्वारा आवेदनों के लिये जारी की गयी सूची में अलीगढ नगर निगम, लखनऊ, मेरठ गोरखपुर और आयोध्या के साथ सूची में टॉप–05 में है। नगर आयुक्तध्परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार ने बताया कि आवेदन पंजीकरण की वर्तमान स्थिति में अलीगढ़ नगरीय निकायों में 26327 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है जिसमें 3508 वैध आवेदन स्वीकृत हुए है उन्होंने बताया कि 458 आवेदन पत्रों के लिए डीपीआर बनाकर पूर्व में शासन को प्रेषित किया गया है यथाशीघ्र 3508 आवेदन पत्र की भी डीपीआर बनाकर शासन को प्रेषित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 26327 आवेदन में 3508 वैध मिले है शेष की जांच करायी जा रही है अगर आपके रुपए नगर निगम का नहीं है समस्त नगरीय निकायों का है अलीगढ नगर निगम में नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव व सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह हैं। नगर पालिका में संबंधित अधिशासी अधिकारी अपनी जांच कर रहे हैं उप जिलाधिकारी द्वारा लेखपालों के माध्यम से पुन सत्यापन भी कराया जा रहा है ताकि किसी प्रकार से भी किसी भी दशा में अपात्रो को इसका लाभ न मिले और कोई भी पात्र गलत तरीके से लाभ से वंचित न किया जाए।सूत्रों की माने तो नगर निकायों में लगातार इस परियोजना का लाभ लेने के लिये निकायों द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास किये जा रहें है और आने वाले दिनों में निश्चित रूप से अलीगढ़ रिकोर्ड आवेदन दर्ज कर सूची में नगर निकाय आयोध्या से ऊपर आ जायेगा।इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि सरकार की महत्वकांशी योजना के लाभ को समाज के नीचले पायेदान तक दिलाने के लिये नगर निगम पूर्ण रूप से प्रयासरत है और यह प्रयास निरंतर जारी है। प्रतिदिन इस परियोजना की समीक्षा स्वयं की जा रही है। उन्होनें बताया कि यह योजना पूर्ण रूप से निशुल्क है पब्लिक से अपील है कि इसमें किसी भी तरह के बहारी व्यक्ति के बहकावे में न आये अगर कोई इस योजना से सम्बन्धित पैसे आदि की मांग करता है तो उसकी तत्काल सूचना 9151999114 पर कॉल करके अथवा वाटसएप पर दी जा सकती है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्री वार्ष्णेय मंदिर के 25 वे पाटोत्सव एवं रजत जयंती समारोह का हुआ शुभारंभ

अलीगढ़।महानगर के मध्य स्थित श्री वार्ष्णेय मंदिर के 25 वें पाटोत्सव समारोह एवं रजत जयंती समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हो गया है।भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा,कोल विधायक अनिल पाराशर,पूजा सिंघल,सुनीता सिंघल एवं मंदिर के व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप वालों ने हरी झंडी दिखाकर किया।श्री वार्ष्णेय मंदिर रजत जयंती वर्ष समारोह में कान्हा वार्ष्णेय एवं यतीश वार्ष्णेय के अनुसार बुधवार को दाऊजी मंदिर महावीर गंज से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें पीली साड़ी में महिलाएं व सफेद वस्त्रों मे पीला पटका पहने भक्त राधा रानी व कृष्ण जी के भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि के साथ कलश यात्रा मे आगे बढ़े तो एक मनोहारी दृश्य देखने को मिला जबकि इस कलश यात्रा में लहराती ओम पताकाओं से एक अलग ही नजारा देखने को मिला और शहर वासियों ने स्थान स्थान पर भारी पुष्प वर्षा के मध्य कलश यात्रा का स्वागत किया।यह कलश यात्रा दाऊजी महाराज मंदिर महावीर गंज से प्रारम्भ होकर अब्दुल करीम चौराहा, फूल चौराहा,हलवायी खाना,मदार गेट और आर्य समाज मंदिर से रामलीला ग्राउंड होते हुए श्री वार्ष्णेय मंदिर पर सम्पन्न हुयी।वहीं कृष्णा गुप्ता,दुर्गेश वार्ष्णेय,पूर्व पार्षद अलका गुप्ता,राहुल स्क्रैप,दिनेश चंद्र भट्ठे वाले एडवोकेट आकाश दीप ने कलश यात्रा में शामिल सभी भक्तों को पटका पहनाकर स्वागत किया।

## भीषण गर्मी में कुछ सावधानियां अपनाकर स्वयं एवं अपने परिवार को गर्मी व लू के प्रकोप से रखें सुरक्षित

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं प्रभारी अधिकारी आपदा मीनू राणा ने गर्मी के मौसम में लू के प्रकोप से जनसामान्य को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोग कुछ सावधानियां अपनाकर स्वयं को और अपने परिवार को गर्मी व लू के प्रकोप से सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में चाहे इंसान हो या पशु या फिर कोई पालतू जानवर सभी को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उन्हा. ने कहा कि बच्चों व बुजुर्गो का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए।एडीएम ने लू के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें प्रभावित व्यक्ति के शरीर का तापमान बढ़ जाता है और उसे पसीना नहीं आता है। व्यक्ति को सिरदर्द रहता है और सर में भारीपन महसूस होता है, त्वचा सूखी व लाल हो जाती है। उसे उल्टी या दस्त की भी शिकायत हो सकती है। उन्होंने प्रा. थमिक उपचार की जानकारी देते हुए बताया कि प्रभावित व्यक्ति को तुरंत ठंडे एवं छायादार स्थान पर ले जाएं और 108 एम्बुलेन्स सेवा को सूचित करें या नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि अगर प्रभावित व्यक्ति बेहोश न हो तो उसे ठंडा पानी पिलायें, जितना हो सके शरीर से कपड़े निकाल दें, पंखे से शरीर पर हवा करें, शरीर के ऊपर पानी से स्प्रे करें और उसे पैर ऊपर रखकर सुला दें।. उन्होंने लू–प्रकोप एवं गर्म हवा से बचने की जानकारी देते हुए बताया कि जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें, विशेषकर दोपहर 12:00 बजे से सांय 03:00 बजे के मध्य बाहर निकलने से बचें। जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें, हल्के रंग के ढील–ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। अगर आपका काम बाहर का है तो, टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। उन्होंने बताया कि अगर तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने घर में बना पेय पदार्थ जैसे–लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, आम का पना, छाछ का अधिकाधिक सेवन करने की सलाह देते हुए कहा कि जानवरों को छांव में रखें और उन्हे खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर का इस्तेमाल करें और रात में खिड़कियां खुली रखें। उन्होंने शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों से भी बचने की सलाह दी है।

### लू लगने पर क्या करें, क्या न करें

1. धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें।
2.खाना बनाते समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे।
2. नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें।
3. उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें, बासी भोजन न करें।
4. खिड़की को रिपलेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके।

5 उन खिडकियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए।

6 स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें।

7 आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथ. मिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

8 बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें।

9 जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें।

10 सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें।

11 घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें।

## श्री अकूर जी महाराज की 27वीं जयंती 11 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी

अखिल भारतीय श्री वार्षीय युवा संगठन एवं अकूरजी महाराज शोभायात्रा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 11 अप्रैल 2025 को श्री अकूर जी महाराज की 27वीं जयंती समारोह अकूर पार्क में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे हवन–पूजन से होगी, जिसके मुख्य यजमान विनोद पी.एल., संजीव स्टील, आकाश कोल, अतुल सी.ए. व अन्य होंगे। उद्घाटन संजीव स्क्रैप व गिरीश गुप्ता द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता हरिशंकर प्रभाकर करेंगे एवं दीप प्रज्ज्वलन हरेन्द्र वार्ष्णेय और अनमोल रतन द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि सी.ए. आर.पी. वार्ष्णेय एवं मुख्य वक्ता शहर की विधायक होंगी। समाज के कई बुजुर्गों को जीवित व मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। सायं 5 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर वार्ष्णेय मंदिर पर सम्पन्न होगी। इसमें विभिन्न जिलों से आई तीन दर्जन झांकियां, काली के स्वरूप और बारहसैनी समाज के बारह घुड़सवार आकर्षण का केंद्र रहेंगे। पूर्व महापौर आशुतोष वार्ष्णेय ने नागरिकों से शोभायात्रा मार्ग पर स्वागत, लाइट और जल की व्यवस्था करने की अपील की है। इस अवसर पर आशुतोष वार्ष्णेय, मनोज गुप्ता, कालीचरन वार्षीय, रतनदेव वाष्णेय, प्रभात वार्ष्णेय हेमन्त गुप्ता कम्प्यूटर, सुमित विद्यार्थी, प्रवीन टप्पल, संजय दवाई, बाबू लाल गोडा, गा. पाल नारायण अकूर. प्रमोद गुप्ता, अर्जुन देव वार्ष्णेय मनोज पप्पू जयबाबू गुप्ता, सुभाष गुप्ता ए७० संजीव एड० शुभम वार्ष्णेय आदि उपस्थित थे।

## अलीगढ़ एसएसपी कार्यालय का मामला सामने आया



अलीगढ़ एसएसपी कार्यालय का मामला सामने आया है। जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने एसएसपी को चेतावनी दे डाली है और कहा है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला। तो वह एसएसपी कार्यालय पर ही जान दे देगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय बुजुर्ग विधवा महिला रामवती गौतम अलीगढ़ के कोतवाली खैर क्षेत्र के मोहल्ला सिकरवार की रहने वाली है। शादी के बाद उनकी तीन बेटियां हुई। जिसके चलते उनके पति ने दूसरी शादी कर डाली। दूसरी पत्नी से उनके तीन लड़के हुए।जिन्होंने बुजुर्ग महिला के हिस्से में आने वाली 30 करोड़ की पूरी प्रोपर्टी हथिया ली। और अब उनको घर में रहने तक नहीं दे रहे हैं। और तो और वह बुजुर्ग विधवा महिला को मारना चाहते हैं। इसका लिखित शिकायती पत्र आज बुजुर्ग विधवा महिला ने एसएसपी को सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही चेतावनी भी दे डाली है। कि उन्हें न्याय नहीं मिला। तो वह एसएसपी कार्यालय पर ही आत्मदाह करने को मजबूर होंगी।

## राज्य एवं दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कारों के लिए 04 जुलाई तक करें आवेदन

अलीगढ.: संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने जिले के समस्त हस्तशिल्प उद्यमियों को सूचित किया हैं, कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजनार्न्तगत 20 राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार एवं 20 दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार दिये जायेंगे। राज्य एवं दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कारों के लिए कलाकृतियाँ आमन्त्रित की जाती हैं, कृपया उत्कृष्ट हस्तशिल्पी अभी से अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियाँ बनाना प्रारम्भ कर दें, ताकि शीघ्र पुरस्कार के लिए उनकी कलाकृति मण्डल स्तर पर चयनित होकर राज्य स्तर पर पुरस्कारों के लिए भेजी जा सके। वर्ष 2025–26 में जिन हस्तशिल्पियों को पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया जा सका है, उन्हें विशेष रुप से इस वर्ष भी सहभागिता सुनिश्चित करनी हैं।उन्होंने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि हस्तशिल्पी विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत हस्तशिल्प पहचान–पत्र धारक हो, इस संबंघ में हस्तशिल्पी को कलाकृति स्वंय निर्मित करने का प्रमाण पत्र भी देना होगा। पुरस्कार के लिए बाजार से खरीदकर उपलब्ध करायी गयी कलाकृति हस्तशिल्पियों का अपमान हैं, ऐसा पाये जाने पर समुचित प्राविधानों के अर्न्तगत कार्यवाही की जा सकती हैं। पुरस्कार के लिए कलाकृति आनी चाहिए, छोटा सा टुकड़ा अथवा कटा हुआ टुकड़ा न भेजा जाये। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र आईटीआई रोड अलीगढ़ में सम्पर्क कर सकते हैं, आवेदन पत्र या कलाकृति 04 जुलाई 2025 तक भेजी जा सकती है। उन्होंने आव्हान किया कि समय से पुरस्कार के लिए कलाकृतियाँ या आवेदन पत्र कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र आई टी आई रोड अलीगढ़ में प्रेषित करने का कष्ट करें।

## क्रत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिये करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने जिले के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि सहायक उपकरण जैसे कि ट्राईसाइकिल, व्हीलचेअर, बैशाखी, कान की मशीन, वॉकर, वॉकिंग स्टिक (छडी), दृष्टिबाधितों के लिए स्मार्ट केन (छडी), ब्रेल किट, मानसिक मन्दित बच्चों के लिए एम0आर0किट ट्राईसाइकिल कन्वेंशनल लैफ्ट हैंड, एल्बो बैशाखी, डीजी प्लेयर, स्मार्ट फोन, टेबलेट, बीटीई (कान की मशीन) एवं हाथ या पैर कटे होने की दशा में कृत्रिम हाथ व पैर प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट http://divangjanup-upsdc-gov.पद पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।उन्होंने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक को पिछले तीन वर्षो में किसी उपकरण का लाभ नहीं मिला होना चाहिए, आवेदक की दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक के पास में 46080 रूपये वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र में 56460 रूपये वार्षिक से कम आय प्रमाण पत्र होना चाहिये। आवेदनकर्ता का स्वयं का आधार कार्ड एवं दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाली नवीनतम फोटो होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत सभी प्रमाण पत्र संलग्न कर आवेदन पत्र जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय कक्ष सं0–जी–08, विकास भवन, अलीगढ़ मे किसी भी कार्य दिवस में जमा कराना आवश्यक है।

## विकास भवन एवं ग्राम विकास पेंशनर एसोसिएशन का गठन

विकास भवन एवं ग्राम विकास के पेंशनरों की एक बैठक विकास भवन में विकास भवन अध्यक्ष इंजीनियर राकेश शर्मा की अध्यक्षता में की गई जिसमें पेंशनरों की समस्या एवं क्लेमों के निस्तारण हेतु ६ विकास भवन एवं ग्राम विकास पेंशनर एसोसिएशन जनपद अलीगढ़६ का गठन किया गया जिसके संयोजक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ सुरेंद्र चौधरी को नामित किया गया तथा इंजीनियर राकेश शर्मा एवं कप्तान सिंह को संरक्षक चुना गया सर्वसम्मति से संगठन का चुनाव निम्न प्रकार किया गया जिसमें राजेश कुमार शर्मा उर्फ राजेश गौड़ जिला अध्यक्ष, बृजभूषण शर्मा को महासचिव, चंद्र प्रकाश चंदेल को सचिव, देवदत्त को कोषाध्यक्ष, महेश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राकेश कुमार अग्रवाल को उपाध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष एवं आनंद वर्धन को प्रवक्ता चुना गया। इंजीनियर राकेश शर्मा द्वारा चुनी गई कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा कहा कि समय–समय पर अपना मार्गदर्शन देता रहूंगा संयोजक सुरेंद्र चौधरी द्वारा कहा गया कि मैं संगठन के हमेशा साथ रहूंगा संरक्षक कप्तान सिंह द्वारा कहा गया कि मैं पेंशनरों की समस्याओं के निदान में तन मन धन से पूर्ण सहयोग करूंगा । जिला अध्यक्ष राजेश गौड़ अपने संबोधन में कहा कि मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता पेंशनरों के क्लेम समय से दिलाना एवं उनकी समस्याओं का समय से निस्तारण कराना होगा तथा उनकी समस्याओं के लिए मैं हर समय तन मन धन से पूर्ण सहयोग करूंगा तथा उन्होंने सभी चुने गए पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया।बैठक में काफी संख्या में पेंशनरों द्वारा भाग लिया गया।

## मंगलायतन विश्वविद्यालय में गूंजा णमोकार महामंत्र

इगलास। मंगलायतन विश्वविद्यालय परिसर स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में महावीर जयंती की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बुधवार को विश्व णमोकार मंत्र दिवस भी भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया। जैन विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से पूजन, अभिषेक और णमोकार महामंत्र का जाप किया। इस दौरान विश्व शांति व मानव कल्याण की उन्नति की कामना की गई। कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने णमोकार महामंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अनादि और निधन मंत्र है, जो सभी जीवों के कल्याण की कामना करता है। इसका जाप मानसिक शुद्धि, आत्मिक शांति और सद्गति का मार्ग प्रशस्त करता है। समन्वयक प्रो. सिद्धार्थ जैन णमोकार मंत्र के विविध आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और आत्मिक पक्षों पर विस्तार से चर्चा की। संचालन अंशिका जैन ने व आभार मयंक जैन ने व्यक्त किया। छात्र हर्षित जैन, शुभम जैन का विशेष सहयोग रह। इस अवसर पर आगम जैन, रजत, अक्षत जैन, सम्यक, दिव्यांशी, रोहित, प्रश्वी, सृष्टि, हर्षिता, अर्पित, निवेश, आर्जव आदि थे।

### स्विफ्ट ने छात्र में मारी टक्कर, घायल

इगलास। अलीगढ़–मथुरा मार्ग पर मंगलायतन विश्वविद्यालय के सामने सड़क क्रास कर रहे छात्र सचिन पुत्र कन्हैयालाल में टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयंकर थी कि छात्र कई फुट ऊंचा हवा में उछल कर जमीन पर गिरा। सिर में गंभीर चोट आने से बेहोश हो गया। साथी छात्रों ने उसे मंगलायतन हास्पिटल में भर्ती कराया था। वहां से उसे जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद छात्र की हालत में सुधार बताया जा रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि मथुरा मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। वाहनों की रफ्तार कम करने के लिए सड़क पर ब्रेकर लगाए जाने चाहिए।

## भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर धूमधाम से शोभायात्रा

भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के मौके पर बृहस्पतिवार को शहर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में 137 साल पुराना स्वर्ण रथ भगवान महावीर के नगर भ्रमण के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा रजत रथ और एरावत रथ भी परंपरागत रूप से यात्रा का हिस्सा होंगे।

### एमयू में सुपरबग पर काबू पाने के लिए नई दवा का शोध अंतिम चरण में

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में 10 वर्षों तक चले शोध के बाद सुपरबग से निपटने वाली एक नई दवा तैयार की गई है, जो जल्द ही बाजार में आ सकती है। इस दवा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। यह दवा एनडीएम–4, एक शक्तिशाली सुपरबग से निपटने में सक्षम होगी, जिसे 2009 में भारत में पाया गया था।

# कासगंज: रेत की बोरियों वाला कच्चा बांध टूटा, अब 50 गांवों के सामने संकट

गंजडुंडवारा रू विकासखंड का गांव निविया और उसके आसपास के लगभग 50 गांवों के सामने बाढ़ से कटान का खतरा रहता है। इस बार बारिश और बाढ़ में फिर से मकान और खेत कटान में न समा जाए इसको लेकर ग्रामीण चिंतित हैं। सपा नेता अब्दुल हफीज गांधी और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समय रहते बांध की मरम्मत कराने की मांग की है।सपा नेता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि पिछले वर्ष इस क्षेत्र में गंगा कटान ने भीषण तबाही मचाई थी। सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो गई, मवेशी मारे गए और ग्रामीणों के घर उजड़ गए। दर्जनों गांवों के लोग हर पल अपने जीवन और भविष्य को लेकर चितिंत रहते हैं। सिंचाई विभाग द्वारा एक साल पहले यहां रेत की बोरियों से कच्चा बांध बनाया गया था, जो अब पूरी तरह कट चुका है।उन्होंने कहा कि अप्रैल का महीना चल रहा है। जून–जुलाई में बारिश के साथ–साथ पहाड़ों से भी भारी जलप्रवाह होता है। गंगा का जलस्तर बढ़ेगा और यदि समय रहते पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो निविया गांव सहित 50 से ज्यादा गांव एक बार फिर तबाही का शिकार हो सकते हैं। मिहोला ग्राम प्रतिनिधि जसवीर सिंह शाक्य ने कहा कि यदि बांध की मरम्मत समय न हुई तो फिर से तबाही हो सकती है।लोगों ने निविया क्षेत्र में गंगा किनारे स्थायी और पक्का बांध बनवाने, संवेदनशील बिंदुओं पर पक्की सुरक्षा दीवारें खड़ी करने, गंगा कटान से बचाव को दीर्घकालिक योजना बनाने की मांग की है। मांग करने वालों में सत्यपाल सिंह, गुड्डू, सचिन, मानसिंह, विपिन कुमार, शैलेंद्र, सोम सिंह, पन्नालाल, यादराम, मुन्नालाल, राजेंद्र सिंह, महेश यादव, अनिल, बादाम सिंह आदि मौजूद रहे।

## कासगंज में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कासगंज में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मामला सहावर कोतवाली क्षेत्र का है।मृतका माला की पहली शादी 12 जुलाई 2024 को मोहनपुर निवासी अनमोल के साथ हुई थी। शादी में दहेज के तौर पर पल्सर बाइक, सोने के जेवर, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन और एलईडी टीवी जैसे सामान दिए गए थे। लेकिन शादी के कुछ ही समय बाद अनमोल की मौत हो गई, जिससे माला टूट गई। इसके बाद वह अपने मायके कादर चौक लौट आई।. माला के भाई विधाराम के मुताबिक, होली के मौके पर मृतक पति के घरवाले उसे फिर मोहनपुर ले गए। वहां परिवार की सहमति के बिना ही माला की शादी देवर अजय से करवा दी गई। दूसरी शादी के बाद माला से ससुराल वाले लगातार एक लाख रुपये नकद और अल्टो कार की मांग करने लगे।विधाराम का कहना है कि माला अक्सर फोन पर रो–रोकर अपनी आपबीती बताती थी। उसने बताया था कि अजय का किसी अन्य महिला से संबंध था और वह देर रात तक फोन पर उसी से बात करता था। माला की मानसिक हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।विधाराम ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि माला की हत्या उसके पति अजय, ससुर श्री. निवास, डॉ. प्रेमराज, सास और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर की है। उन्होंने कहा कि दहेज की मांग पूरी न होने पर सबने मिलकर माला को जान से मार डाला।सहावर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण का खुलासा हो सकेगा।

## कासगंज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

कासगंज। **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। परिषद का कहना है कि नए शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों ने फीस में अनुचित वृद्धि की है।स्कूल प्रबंधन एनसीईआरटी की किताबों के बजाय प्राइवेट पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं। सीबीएसई और शिक्षा विभाग के निर्देशों की अवहेलना कर स्कूल किताब, ड्रेस, जूते–मोजे की दुकानें चला रहे हैं।इन दुकानों से स्कूलों को 70–75 प्रतिशत तक कमीशन मिल रहा है। स्कूलों द्वारा निर्धारित पब्लिकेशन की किताबें स्थानीय बाजार में उपलब्ध नहीं हैं। इस



कारण अभिभावक स्कूल की तय की गई दुकानों से ही सामान खरीदने को मजबूर हैं।विद्यार्थी परिषद ने जिलाधिकारी से तीन दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर जिले भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। परिषद के अनुसार यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है और इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## कासगंज में भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के किसानों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** भारतीय किसान यूनियन स्वराज गुट के किसानों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।किसानों का कहना है कि एसपी अंकिता शर्मा उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं देतीं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर अपने पद का दुरुपयोग कर आर्थिक लाभ लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस की मन. मानी से जिले की कानून व्यवस्था बिगड़ गई है।जिले में लूट, चोरी और महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं। मादक पदा. र्थों की बिक्री और अवैध खनन भी जारी है। थानों में बनावटी अपराध दर्ज किए जा रहे हैं। यातायात पुलिस चालान के नाम पर अवैध वसूली कर रही है।किसानों ने बताया कि एसपी कार्यालय में पीड़ितों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। ऑनलाइन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल और उत्तर प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि एसपी की कार्यशैली से गांव, गरीब, किसान और मजदूरों में भय का माहौल है। इससे शासन की छवि को नुकसान पहुंच रहा है।

## भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कासगंज में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कासगंज में एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई।कासगंज की तीनों विधानसभाओं में रैली का आयोजन हुआ। विधानसभा कासगंज के संयोजक अंशुल अग्रवाल ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कासगंज विधानसभा के पांचों मंडलों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रैली में हिस्सा लिया।भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने पार्टी कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का मार्ग भाजपा कार्यालय से शुरू हुआ। यह गोहरा और प्रहलादपुर होते हुए सोरों गंगा पर समाप्त हुई।जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने युवा मोर्चा की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोर्चा ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय संयोजक अंशुल अग्रवाल को दिया।

## कासगंज:गंगा की कोख हो रही छलनी...अवैध खनन के आगे जिम्मेदारों ने भी मूंदीं आंखें !

कासगंज **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** जिले में खनन की चुभन गंगा की कोख को दर्द पहुंचा रही है। तलहटी में बड़े पैमाने पर खनन का अवैध कारोबार हो रहा है। भंडारण के लाइसेंस पर अवैध खनन के काले कारोबार का गोरख धंधा चल रहा है। मैदानी इलाकों में भी मिट्टी का जमकर अवैध खनन हो रहा है। खनन माफिया सक्रिय हैं और प्रशासन चौन की नींद सोया है।अवैध खनन रोकने के लिए भले ही प्रदेश भर में अभियान चलाया गया। खनन एवं भूतत्व विभाग बढ़ते खनन पर चिंता जता चुका है कि इसी तरह खनन होता रहा तो ग्लोबल वार्मिंग की समस्या भी जन्म ले सकती है। इसके बाद भी जिले के तराई क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खनन का कारोबार हो रहा है। यह कारोबार एक जालसाजी के तहत हो रहा है। जिले में लगभग आधा दर्जन ठेकेदार हैं, जिनके पास प्रशासन द्वारा जारी किए गए भंडारण के लाइसेंस हैं। भंडारण के लाइसेंस पर ही खनन का कारोबार हो रहा है। इस गोरखधंधे में रसूखदार लोग भी शामिल बताए जाते हैं। उधर मैदानी इलाकों में भी मिट्टी के खनन का कारोबार जोरों पर चल रहा है। बिना अनुमति खेत एवं बंजर भूमि से जेसीबी के माध्यम से खनन किया जा रहा है।बालू के खनन का काला कारोबार सोरों के बरकुला, नगरिया, मीरापुर, मानपुर नगरिया, लहर, एवं पटियाली क्षेत्र के कादरगंज घाट पर जमकर हो रहा है। वहीं एडीएम राकेश पटेल ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ निरंतर पुलिस प्रशासन का अभियान जारी है। बालू का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

## कासगंज :गर्मी ने निकाला पसीना तो ठंडक के लिए एसी खरीदने की लगी होड़

**कासगंज, संवावदाता इंद्रपाल राजपूत.** तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। मध्यम वर्ग के लोग एसी की खरीददारी कर रहे हैं। एसी कारोबारी पिछली बार से इस बार अच्छी खासी बिक्री की उम्मीद लिए बैठे हैं। उन्होंने तमाम तरह की कंपनियों की एसी का स्टॉक कर लिया है। ग्राहक जमकर खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि एसी की कीमतों में पिछली वर्ष से इस बार 10 से 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। हर कोई अपने परिवार के सुकून के लिए एसी खरीद रहा है। जिसमें बिजली की बचत के साथ वायु प्रदूषण से बचाव वाले उत्पादों की मांग विशेष है। इसको लेकर महिला चिकित्सक से बात. चीत की गई, तो चिकित्सकों ने सुखद परिणाम कम, दुष्परिणाम ज्यादा बताये।क. ासगंज में प्रति वर्ष एसी की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि रहती है। मौसम विभाग ने इस बार अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान लगाया है। लोग एसी की दुकानों पर पहुंच कर खरीदारी कर रहे हैं। तो वहीं दुकानदार भी इस मौसम में अच्छी बिक्री की उम्मीद लगाए हुए हैं। उनके अनुसार इस वर्ष एसी की मांग में 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है। अधिकांश लोग बिना इन्वेटर वाली एसी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। खरीददारों की भीड़ सुबह से ही दुकानों पर पहुंच रही है। प्रतिदिन कासगंज की दुकानों से 50 से 60 तक की एसी की बिक्री हो रही है। जिससे एसी कारोबारी भी खुश नजर आ रहे हैं। उन्हें अच्छे कारोबार की उम्मीद बनी हुई है।एसी कारोबारी अजीत वर्मा ने बताया कि पिछली साल की अपेक्षा इस बार एसी की डिमांड ज्यादा है। प्रतिदिन शहर से 15 से 20 एसी की खरीदारी की जा रही है। अमीर हो या मध्यम वर्गीय लोग सभी एसी खरीद रहे हैं। भारी संख्या में एसी का स्टॉक कर लिया गया है। पिछली बार भी एसी 35 हजार से 40 हजार रुपए तक की बिका था। प्रतिदिन हमारी दुकान से 15 से 20 एसी बिक रही है। पूरे शहर से प्रतिदिन 50 से 60 ऐसी की बिक्री हो रही है। दुकान पर एसी खरी. दने आए किसान राजवीर सिंह वर्मा ने बताया कि गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है। एसी लेने के लिए दुकान पर आए हैं। खर्चा तो जरूर होता है लेकिन एसी से सुकून मिलता है। पर तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है, इसलिए वह एसी खरीदने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने बिना इन्वेटर का एसी खरीदा है, ताकि बच्चो को गर्मी से निजात मिल सके। ग्राहक अंजू यादव ने बताया कि लगातार तापमान बढ़ रहा है। गर्मी से लोग व्याकुल हैं। बच्चों का अभी से बुरा हाल है। कूलर और पंखो की हवा मालूम नहीं पड़ रही थी। इसलिए वह बाजार में एसी खरीदने के लिए आई हैं। उन्होंने एलजी कंपनी की एक टन का एसी 35 हजार रूपए की कीमत में खरीदी है, ताकि परिवार के लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। डॉक्टरों की राय में एसी इस्तेमाल करने की नुकसान ज्यादा हैं। जिला अस्पताल की डॉक्टर अंजू यादव ने बताया कि एसी का सुखद परिणाम कुछ क्षणों के लिए है, लेकिन उसका दुष्परिणाम बहुत लंबे समय तक होता है। सुखद परिणाम में एसी ठंड़क प्रदान करती है, नमी प्रदान करती है, लेकिन दुखद परिणाम बहुत ज्यादा लंबे समय तक चलते हैं। जैसे की हमारी ड्राईस्क्रीन कर देता है, आंखो को सूखा कर देता है। नमीं कम कर देता है, अस्थमा है, एलर्जी है, मसल बैन जैसी बीमारियों को पैदा कर देता है।

## एटा के जैथरा कोतवाली क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप स्थित एक फ्रीजर में करंट दौड़ने से 8 वर्षीय बच्ची की मौत

एटा के जैथरा कोतवाली क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप स्थित एक फ्रीजर में करंट दौड़ने से 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान वेदपाल शाक्य की पुत्री कुमारी देवी के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब बच्ची खेलते हुए फ्रीजर से पानी पीने लगी। फ्रीजर में करंट दौड़ने के कारण वह उसकी चपेट में आ गई।घटना की सूचना मिलते ही जैथरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी शंभूनाथ ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पं. चनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।बच्ची की अचानक हुई मौत से परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## दीवानी कोर्ट का नजारा, जहां भिड़ गए दो पक्ष

कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित दीवानी न्यायालय परिसर में उस समय अफरा–तफरी मच गई जब दहेज उत्पीड़न के एक मामले की सुनवाई के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते परिसर के भीड़ भरे माहौल में जो हालात हुए सब हैरान थे। किसी को समझ नही आ रहा था। इस दौरान लात–घूंसे और बेल्ट तक चल गए। पूरा मामला जलेसर न्यायालय कोर्ट में चल रहे दहेज उत्पीड़न मामले से जुड़ा बताया जा रहा है। इस दौरान अधिवक्ताओं के चौंबर में भी तोड़फोड़ की गई और और कुर्सियां तक तोड़ दी गईं। पैरवी कर लौट रहे अधिवक्ता अवधेश गुप्ता के साथ भी धक्का–मुक्की की गई। वकीलों में इसे लेकर जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। बताते हैं विवाद की शुरुआत एक वकील और उसके मुवक्किल के बीच । बहस इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। इस संबंध में अधिवक्ता ने बताया एटा निवासी लड़की पक्ष शहरून और अलीगढ़ निवासी लड़के पक्ष के बीच पारिवारिक हिंसा का विवाद चल रहा था जिसको लेकर आज दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गई और मामला मारपीट तक जा पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और झगड़ा करने वाले आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली नगर भेजा गया। घटना का वीडियो सा. `शल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना दीवानी परिषद में जिस स्थान पर घाटी उससे थोड़ी दूर पर ही पुलिस पैकेट भी तैनात थी। इस बवाल के बाद दीवानी न्यायालय परिसर के अधिवक्ताओं में रोष फैल गया है और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

**सूचना**
**विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें**
**कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़**
**हैल्पलाइन न.**
**8218049162,9870916612**

**जननायक सम्राट**
**हिंन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद